# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (12 October)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-october-12

## 1. विश्व शाकाहार दिवस

प्रतिवर्ष 1 अक्तूबर को **विश्व शाकाहार दिवस (World Vegetarian Day)** मनाया जाता है।

- इस दिवस को मनाने की शुरूआत वर्ष 1977 में **नॉर्थ अमेरिकन वेजिटेरियन सोसाइटी** ने की थी। इस सोसाइटी का उद्देश्य लोगों को शाकाहारी भोजन के लिये प्रेरित करना था। वर्ष 1978 में International Vegetarian Union ने इसका समर्थन किया।
- विश्वभर में यह दिवस शाकाहारी जीवन शैली के लाभों के बारे में जागरूकता पैदा करने और दूसरों को शाकाहारी बनने हेतु प्रोत्साहित करने के लिये मनाया जाता है।
- पिछले कुछ वर्षों के आँकड़ों को देखें तो विश्वभर में शाकाहारियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन आज भी माँसाहार करने वालों की संख्या अधिक है।

'शाकाहारी' वह व्यक्ति होता हैं, जो कि माँस नहीं खाता तथा उसका आहार फल एवं सब्जियों से भरपूर होता हैं। उसे यह खाद्य पदार्थ पेड़-पौधों से प्राप्त होते हैं। आज अधिकांश लोग अलग-अलग कारणों से शाकाहारी जीवन शैली को अपना रहे हैं। कुछ लोग अपनी क्षुब्ध शांति के लिये जानवरों की हत्या न करने पर मज़बूती से विश्वास करते हैं, तो कुछ लोग स्वास्थ्य कारणों से शाकाहारी आहार लेते हैं, क्योंकि यह आहार फल एवं सब्जियों से भरपूर होता है। इस आहार में वसा एवं कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है, जो कि हृदय के लिये बेहद अच्छी हैं। बहुत से लोग शाकाहारी आहार का पालन करने के लिये **संस्कृति और धार्मिक मुद्दों** का हवाला देते हैं।

## शाकाहार के मुख्य प्रकार

- **शाकाहार (Vegetarian)** में पेड़-पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं। इस आहार में पशुओं या जानवरों के माध्यम से मिलने वाला किसी भी तरह का प्रोटीन या अंडे, दूध, या शहद शामिल नहीं होता। आमतौर पर इस आहार में कच्चे फल, सब्जियाँ, फलियाँ, अंकुरित खाद्य पदार्थ एवं मेवे शामिल होते हैं।
- **लैक्टो-शाकाहार (Lacto-Vegetarian)** में पेड़-पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थ एवं दुग्ध उत्पाद (दूध, पनीर, दही, मक्खन, घी, मलाई) शामिल होते हैं, लेकिन इस आहार में अंडे शामिल नहीं होते।
- **ओवो-लैक्टो शाकाहार (Ovo-Lacto Vegetarian)** में पेड़-पौधे और दुग्ध उत्पाद तथा अंडे भी शामिल होते हैं। ओवो-लैक्टो ऐसे शाकाहारी होते है जो कुछ पशु उत्पादों, जैसे अंडे और डेयरी का सेवन करते हैं, लेकिन मछली या अन्य सी-फूड का सेवन नहीं करते।

## 2. मृत्युदंड विरोधी दिवस

प्रतिवर्ष 10 अक्तूबर को दुनियाभर में **मृत्युदंड विरोधी दिवस (World Day Against the Death Penalty)** मनाया जाता है।

- इस दिन किन्हीं भी हालात में दिये जाने वाले मृत्युदंड के प्रति विरोध दर्ज कराया जाता है।
- मृत्युदंड को समाप्त करने वाले देशों के नेताओं से कहा जाता है कि वे उन देशों को समझाने की कोशिश करें जहाँ अब भी मृत्युदंड जारी है।
- **संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार कार्यालय** (Office of the High Commissioner for Human Rights-OHCHR) ने सभी देशों का आहवान किया है कि वे उस वैश्विक संधि को मंज़ूरी देकर लागू करें जिसमें मृत्युदंड को खत्म करने का आह्वान किया गया है।
- ध्यातव्य है कि लगभग 170 देशों ने अपने यहाँ मृत्युदंड को या तो औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया है या न्यायिक फैसलों में मौत की सज़ा सुनाना बंद कर दिया है।

## चीन टॉप पर

- **चीन** मौत की सज़ा देने वाले देशों में पहले नंबर पर है, लेकिन इसका सही आँकड़ा सर्वविदित नहीं है क्योंकि इसे चीन में **सुरक्षा कारणों** से छिपाया जाता है।
- वर्ष 2016 में दुनियाभर में जितने भी मृत्युदंड दिये गए उनमें से 87% के लिये सिर्फ़ पाँच देश ज़िम्मेदार थे- चीन (आँकड़े ज्ञात नहीं) ईरान, सऊदी अरब, इराक और पाकिस्तान।
- इनके अलावा चीन, भारत, अमेरिका और इंडोनेशिया भी बड़ी संख्या में मृत्युदंड देने वाले देशों की सूची में आते हैं।

---

## 3. भारत के उपराष्ट्रपति का कोमोरोस दौरा

**अफ्रीका** के साथ भारत के जुड़ाव को जारी रखते हुए उसे और मज़बूत बनाने के लिये भारत के उपराष्ट्रपति **एम. वेंकैया नायडू** दो अफ्रीकी देशों **कोमोरोस** और **सिएरा लियोन** की **यात्रा** पर गए।




पूर्वी अफ्रीकी द्वीप कोमोरास की राजधानी **मोरोनी** में दोनों देशों ने रक्षा और ऊर्जा सहित कुछ महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये-

- भारत **ऊर्जा और समुद्री रक्षा सहयोग** के लिये कोमोरोस को छह करोड़ डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान करेगा।
- मोरनी में 18 मेगावाट क्षमता का **विद्युत संयंत्र** लगाने के लिये भारत 41 करोड़ 60 लाख डॉलर से अधिक की ऋण सुविधा देगा।
- इसके साथ ही कोमोरोस में राजनीतिक स्थिरता और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के बाद हुई कई **आंतकी घटनाओं** पर भारत ने चिंता जताई।
- समुद्री डकैती और समुद्री खतरों तथा सीमापार से अन्य देशों की ओर से किये जा रहे अपराधों समेत साइबर अपराध ने समस्या को नया आयाम देकर गंभीर बना दिया है।
- कोमोरोस सीमापार आंतकवाद से प्रभावित है इसलिये भारत इसके साथ भागीदार के रूप में काम कर रहा है। भारत इन खतरों से निपटने के लिये कोमोरोस के प्रयासों में मददगार बनेगा।
- उपराष्ट्रपति को कोमोरोस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान **द आर्डर ऑफ द ग्रीन क्रीसेंट** से सम्मानित किया गया। कोमोरोस के राष्ट्रपति **अज़ाली असोउमानी** ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

---

## **4.** केरल बैंक के गठन को मंज़ूरी

13 ज़िला सहकारी बैंकों को **केरल स्टेट कोऑपरेटिव बैंक** के साथ मिलाकर प्रस्तावित **केरल बैंक** का गठन किया जाएगा।

- मल्लपुरम सहकारी बैंक को छोड़कर शेष सभी ज़िला सहकारी बैंकों ने सरकार के इस कदम को मंज़ूरी दे दी है।
- ज़िला सहकारी बैंकों को मिलाकर अपना बैंक बनाने का केरल सरकार का प्रस्ताव काफी पुराना है, जिसे रिज़र्व बैंक ने अब अंतिम मंज़ूरी दी है। गठन के बाद प्रस्तावित केरल बैंक **राज्य का सबसे बड़ा बैंक** बन जाएगा।
- नए बैंक के गठन से राज्य के विकास को गति मिलेगी। लेकिन नए बैंक का गठन इस संबंध में एक अदालत के समक्ष लंबित कुछ मामलों के अंतिम फैसले के अनुसार होगा।